nt>

Title: Demand of CBI inquiry on the murder of three members of a family in Kannay, Uttar Pradesh.

श्री प्रदीप कुमार यादव :सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के कन्नौज में दि.२ ८.६.१९९८ को एक ही परिवार के तीन लोगों श्री गेंदन लाल कटियार, उनकी पत्नी तथा उनके बेटे की हत्या कर दी गई और उनकी सारी सम्पत्ति लूट ली गई। इसका मुकदमा क्राइम नम्बर ४११/९८ पर धारा ३९६ के तहत दर्ज है। अभी थोड़े दिन तो पुलिस ने कुछ कार्रवाई की है, कुछ निर्दोष लोगों को बंद भी किया गया। लेकिन जैसे ही सही तथ्यों की जानकारी हुई, उसमें मौजूदा सरकार के एक विधायक और मंत्री के रिश्तेदार का हाथ निकला, उसके तुरंत बाद बिना एस.एस.पी. और डी.एम. की आख्या मांगे इसमें सी.आई.डी. जांच के आदेश कर दिये गये।

सभापति महोदय : इसमें भारत सरकार को क्या करना चाहिए, जल्दी से बताइये।

श्री प्रदीप कुमार यादव : आपके द्वारा मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इस केस की सी.बी.आई. से जांच कराकर सही तथ्य सबके सामने पेश किये जाएं।